Welcome of new students in the GC Sarahan

COLLEGE Hknahan 31 Jul, 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 31 जुलाई 2023 को प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए Induction Programme का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा महाविद्यालय के सभी कर्मचारियों का परिचय करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने तथा अभी से अपने उद्देश्यों को निश्चित करने के लिए प्रेरित किया। तत्पश्चात डॉ सुध्यान नेगी ने विद्यार्थियों को RUSA System, Eco Club, PTA तथा Scholarship के बारे में जानकारी दी। इसी कड़ी में प्रोफेसर कमल कुमार ने Career Guidance के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम पीरियड को कोचिंग क्लासेज के रूप में महाविद्यालय द्वारा आरंभ किया गया है जिसका सभी विद्यार्थी लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की पत्रिका अभिव्यंजना के लिए लेख लिख कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। प्रोफेसर दिनेश कुमार ने Descipline , NSS, Anti-Ragging तथा Changes in Subjects के बारे में जानकारी दी। उसके बाद प्रोफेसर सुदेश तोमर ने Road Safety Club, Rover and Ranger, Leave and Migration Rules के बारे मे जानकारी दी। प्रोफेसर मोल्लम डोलमा ने विद्यार्थियों को Women Grievances and Redressal cell, Red- Ribbon Club के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई। वहीं प्रोफेसर कृष्ण कुमार ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने goal-setting पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में बात की तथा साथ ही Library Rules के बारे में भी जानकारी दी। अंत में राष्ट्रगान के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ।